भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2176

गुरूवार, 16 दिसम्बर, 2021/25 अग्रहायण, 1943 (शक)

बेरोजगारी में वृद्धि

2176. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' के आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर, 2021 में बेरोजगारी, सितंबर, 2021 में तीन महीने के निचले स्तर 6.86 प्रतिशत से बढ़कर 7.75 प्रतिशत हो गई है;

(ख) क्या ग्रामीण बेरोजगारी पिछले महीने के 6.06 प्रतिशत से बढ़कर 7.91% हो गई है; और

(ग) क्या कोविड-19 की चपेट में आने से पहले बेरोजगारी दर ने 45 साल के ऐतिहासिक उच्च स्तर को छू लिया था, और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): पीएलएफएस ग्रामीण बेरोजगारी दर संबंधी तिमाही आंकडें जारी नहीं करता है। हालांकि, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति के आधार पर वार्षिक ग्रामीण बेरोजगारी दर वर्ष (2017-18) में 5.3% से गिरकर वर्ष (2018-19) में 5% पर आ गई तथा वर्ष (2019-20) में और अधिक घटकर 3.9% पर आ गई।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के दौरान किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएफएलएस) के परिणामों के अनुसार ग्रामीण और शहरी बेरोजगारी की कुल दर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति के आधार पर अनुमानित बेरोजगारी दर (बे.द.) क्रमश: 6% से घटकर 5.8% पर आ गई तथा बाद में और अधिक घटकर 4.8% पर आ गई।

*****